पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने दो पुस्तकों का किया विमोचन

लखनऊ : 28 सितम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज, लखनऊ की प्राचार्या प्रो0 अनुराधा तिवारी का स्मृति संकलन 'कलरव' तथा डॉ0 भाष्कर शर्मा के काव्य संकलन 'संधान' का विमोचन किया।

प्रो0 अनुराधा तिवारी द्वारा संकलित पुस्तक 'कलरव' में कालेज की छात्राओं की अभिव्यक्ति एवं अनुभूति का लेखों और काव्यों के माध्यम से प्रदर्शन है। इसी प्रकार डॉ0 भाष्कर शर्मा के काव्य संकलन 'संधान' राष्ट्रीय चेतना, मानवीय संवेदना और बेटियों की वेदना के संसार को समेटे हुए है।

———————

ओ0पी0राय/राजभवन (36/17)